# 2024

## HINDI

Paper : HIN0100104

( हिन्दी सम्प्रेषण )

*Full Marks* : 60

*Time* : 2½ hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×8=8

(क) 'ए' ध्वनि के उच्चारण में दोनों ओष्ठों की क्या स्थिति होती है?

(ख) 'द' ध्वनि के उच्चारण में जीभ की नोक मुख विवर में किस अंग का स्पर्श करती है?

(ग) किसलिए अभिवादन किया जाता है?

(घ) हिन्दी में 'श्रीमान्' का प्रयोग किस स्थिति में होता है?

(ङ) पिता अगर पुत्र या पुत्री को पत्र लिखें, तो अभिवादन के रूप में क्या लिखेंगे?

(च) 'अपने मुँह मियाँ मिट्ठू बनना' मुहावरे का अर्थ क्या है?

(छ) 'गड़े मुर्दे उखाड़ना' मुहावरे का प्रयोग करके एक वाक्य बनाइए।

(ज) 'न रहेगा बाँस, न बजेगी बाँसुरी' लोकोक्ति का प्रयोग किस अर्थ में होता है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं छः के उत्तर अत्यंत संक्षेप में दीजिए : 2×6=12

(क) 'सम्प्रेषण' का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) शब्द के मध्य में व्यंजन वर्ण के साथ 'अ' ध्वनि के उच्चारण होने और न होने के एक-एक उदाहरण बताइए।

(ग) उच्चारण के स्थान और उच्चारण के प्रयत्न की दृष्टियों से 'क' ध्वनि की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(घ) किसी अनजान बुजुर्ग महिला का परिचय कैसे लिया जाता है, उसका एक छोटा लिखित नमूना प्रस्तुत कीजिए।

(ङ) घर पर अखबार पहुँचाने वाले हॉकर के साथ महीने भर के बिल पेमेंट के संदर्भ में होने वाली बातचीत का एक संक्षिप्त नमूना तैयार कीजिए।

(च) पारिवारिक पत्र के अंतर्गत किस तरह के पत्र आते हैं?

(छ) 'सिर' पर बने किन्हीं चार मुहावरों का अर्थ सहित उल्लेख कीजिए।

(ज) 'अंधों में काना राजा'—इस लोकोक्ति का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(झ) निम्नलिखित दो वाक्यों को मुहावरेदार रूप में प्रस्तुत कीजिए :

*(i)* सही योजनाओं के कारण इन दिनों देश की खूब उन्नति हो रही है।

*(ii)* परीक्षा में चोरी करते पकड़े जाने पर विद्यार्थी अत्यंत लज्जित हो गया।

(ञ) औपचारिक पत्र किसे कहते हैं?

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) मौखिक और लिखित सम्प्रेषणों के स्वरूप पर प्रकाश डालिए।

(ख) 'र' ध्वनि की औचारणिक विशेषताओं का उल्लेख करते हुए 'र-कार' और 'रेफ' के प्रयोग की स्थितियों पर सोदाहरण चर्चा कीजिए।

(ग) पिकनिक के आयोजन के संदर्भ में दो छात्रों और दो छात्राओं के बीच होने वाली बातचीत का एक लिखित नमूना तैयार कीजिए।

(घ) अपने नाम पर एक बचत खाता खोलने के संदर्भ में स्थानीय डाकघर के डाकपाल के साथ होने वाले वार्तालाप का एक लिखित नमूना प्रस्तुत कीजिए।

(ङ) खेल की सामग्रियाँ खरीदने हेतु दो हजार रुपये मँगाते हुए अपनी माताजी को एक पत्र लिखिए।

(च) अपने इलाके में आवारा कुत्तों के कारण उत्पन्न गंभीर समस्या पर संबंधित विभाग/अधिकारी का ध्यान आकर्षित करते हुए गुवाहाटी से प्रकाशित होने वाले 'नव प्रभात' के सम्पादक को एक पत्र लिखिए।

(छ) अर्थ लिखकर निम्नलिखित मुहावरों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :

किताबों का कीड़ा होना ; गाँठ में बाँध लेना ; चिराग तले अँधेरा होना ; पहाड़ टूट पड़ना ; हथियार डाल देना।

(ज) उपयुक्त शीर्षक देकर निम्नलिखित गद्यांश का एक-तिहाई में संक्षेपण कीजिए :

"प्राचीन भारत में वृक्षों का विशेष महत्त्व था। इनकी देवताओं की भाँति पूजा की जाती थी। वृक्ष वर्षा में अधिक जलवर्षण से, शिशिर में तुषारपात से तथा ग्रीष्म में सूर्यताप से हमारी रक्षा करते हैं। आज भी पीपल, केले, वट आदि वृक्ष व पौधों की पूजा-अर्चना देवताओं की भाँति की जाती है। आज के औद्योगीकरण के नवीन वैज्ञानिक युग में ये सारी परम्पराएँ समाप्त-सी हो गयी हैं। आज वृक्ष को निर्दयता से काटा जा रहा है। जनसंख्या-वृद्धि के साथ-साथ सघन वनों व बगीचों के स्थान पर आवास-गृह तथा फैक्ट्रियाँ स्थापित होते जा रहे हैं। जिन वृक्षों की शीतल और सुखद छाया में कभी थका हुआ राही विश्राम कर लिया करता था, वहाँ अब फैक्ट्रियाँ, उद्योग संस्थान तथा आवास-गृह विद्यमान हैं। धीरे-धीरे वृक्षों की कमी होने लगी है, जिससे ऑक्सीजन कम होती जा रही है। इसका लोगों के स्वास्थ्य पर दूषित प्रभाव पड़ने लगा है।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने सन् 1950 में 'वन महोत्सव' की योजना प्रारंभ की। इसके अंतर्गत जगह-जगह नए वृक्ष लगाने का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया। धीरे-धीरे वन महोत्सव की योजना शिथिल पड़ने लगी। परंतु वृक्षों की महत्ता कम नहीं हुई। अतः देश भर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम पुनः व्यापक रूप से प्रारंभ किया गया।''

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×2=20

(क) सम्प्रेषण के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए सम्प्रेषण के संदर्भ में भाषा की भूमिका को रेखांकित कीजिए।

(ख) बढ़ती बेरोजगारी की समस्या के समाधान के संदर्भ में स्व-रोजगार के महत्त्व को लेकर चाचा-भतीजे के बीच होने वाले वार्तालाप का एक लिखित रूप प्रस्तुत कीजिए।

(ग) निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** पर निबंध लिखिए :

*(i)* पूर्वोत्तर की सम्पर्क भाषा के रूप में हिन्दी

*(ii)* क्रिकेट खेल की लोकप्रियता

*(iii)* सोशल मीडिया के सदुपयोग की आवश्यकता

(घ) ''विदेशी भाषा का विद्यार्थी होना बुरा नहीं, पर अपनी भाषा सर्वोपरि है।'' पल्लवन की सामान्य विशेषताओं का उल्लेख करते हुए महात्मा गाँधी के उपर्युक्त कथन का पल्लवन कीजिए।

(ङ) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×5=10

"स्वतंत्रता अपने-आप में निरपेक्ष नहीं है। एक सीमा पार कर जाने के बाद स्वतंत्रता स्वेच्छाचारिता और उच्छृंखलता में बदल जाती है। एक व्यक्ति को धन कमाने की स्वतंत्रता है, पर काले बाजार की अथवा लूटने की स्वतंत्रता नहीं है। हम एक मानसिक विकार-ग्रस्त व्यक्ति को मोटर चलाने की स्वतंत्रता नहीं दे सकते, जबकि एक सामान्य नागरिक को, जो मोटर चलाना जानता है—मोटर चलाने का अनुज्ञापत्र प्राप्त करने में कोई कठिनाई नहीं होती। हमें लाउडस्पीकर पर गाने की स्वतंत्रता है, किन्तु हमारे गाने से हमारे पड़ोसी के सोने की स्वतंत्रता नष्ट नहीं होनी चाहिए।"

*प्रश्नावली :*

*(i)* "स्वतंत्रता अपने-आप में निरपेक्ष नहीं है।" आशय बताइए।

*(ii)* 'स्वेच्छाचारिता' क्या है?

*(iii)* स्वतंत्रता कब और कैसे उच्छृंखलता में बदल जाती है?

*(iv)* 'कालाबाजारी' क्या है? किसी व्यक्ति को काले बाजारी की स्वतंत्रता क्यों नहीं मिल सकती?

*(v)* लाउडस्पीकर पर गाने की स्वतंत्रता का उपयोग करते समय हमें किस बात पर ध्यान रखना चाहिए?

★★★